भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3182

(दिनांक 11.03.2026 को उत्तर देने के लिए)

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम

3182. श्री जी. कुमार नायक:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों में से प्रत्येक के दौरान राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) को उसके सभी कार्यक्रमों के अंतर्गत आवंटित और वितरित कुल धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या हैं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान एनएफडीसी द्वारा कार्यान्वित योजनाओं और उप-योजनाओं का ब्यौरा क्या है जिसमें प्रत्येक योजना के अंतर्गत जारी की गई धनराशि और इस उद्देश्य का ब्यौरा शामिल है जिसके लिए धनराशि का उपयोग किया गया था;

(ग) उक्त योजनाओं के अंतर्गत सहायता प्राप्त कलाकारों, फिल्म निर्माताओं, तकनीशियनों, निर्माताओं और अन्य रचनात्मक पेशेवरों की वर्ष-वार और राज्य-वार संख्या कितनी है और साथ ही उनके चयन के लिए अपनाए गए व्यापक मानदंड और प्रक्रिया क्या है जिसमें चयन समितियों या पैनलों की भूमिका और आवश्यक कोई भी क्लीयरेंस या एनओसी शामिल है;

(घ) प्रतिभागियों की संख्या और राज्य / संघ राज्यक्षेत्र - वार प्रतिनिधित्व सहित प्रत्येक वर्ष में एनएफ़डीसी द्वारा आयोजित या सहायता प्राप्त प्रमुख आयोजनों, उत्सवों, कार्यशालाओं, स्क्रीनिंग और प्रसार गतिविधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या राज्य सरकारों के साथ कोई भागीदारी की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ङ): सूचना और प्रसारण मंत्रालय डीसीडीएफसी (फिल्मी सामग्री का विकास, संचार और प्रसार) स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) को धनराशि आवंटित

करता है। इस स्कीम का उद्देश्य फिल्म सामग्री के सृजन, नवाचार और प्रसार को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय फिल्मों को प्रोत्साहित करने के लिए फिल्म समारोहों का आयोजन करना और उनमें भाग लेना शामिल है, साथ ही फिल्म निर्माताओं तथा फिल्म-संबंधित संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ताकि भारतीय सिनेमा की दृश्यता और वैश्विक पहुँच को बढ़ाया जा सके। इसके अलावा ये भारत की फिल्म विरासत के संरक्षण, पुनर्स्थापन, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण का भी समर्थन करती है तथा ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण और भारत में अंतरराष्ट्रीय फिल्मों की शूटिंग के लिए प्रोत्साहन भी प्रदान करती है।

मंत्रालय, डीसीडीएफसी स्कीम के माध्यम से फिल्म निर्माताओं और अन्य रचनात्मक पेशेवरों को विभिन्न फिल्म समारोहों, कार्यशालाओं, स्क्रीनिंग, मास्टरक्लास तथा प्रसार संबंधी गतिविधियों के आयोजन और समर्थन के माध्यम से सहायता प्रदान करता है, जिससे फिल्म क्षेत्र के विकास को प्रोत्साहन मिलता है और फिल्म निर्माताओं, कलाकारों, तकनीशियनों तथा अन्य उद्योग पेशेवरों के बीच संवाद को सुगम बनाया जाता है। इस संबंध में विवरण https://www.nfdcindia.com तथा https://mib.gov.in/en/offerings/schemes-monitoring पर उपलब्ध है।

डीसीडीएफसी स्कीम के अंतर्गत निधियों के उपयोग का विवरण निम्नानुसार हैः

क्रम संख्या	**वित्तीय वर्ष**	**एनएफडीसी को आवंटित एवं वितरित निधियां (करोड़ रु.)**	**एनएफडीसी द्वारा उपयोग की गई निधियां (करोड़ रु.)**
1	2021-22	84.50	77.69
2	2022-23	127.00	122.78
3	2023-24	348.12	339.89
4	2024-25	340.68	324.21
5	2025-26*	232.46	156.86

* 26.02.2026 तक।

मंत्रालय, एनएफडीसी के माध्यम से राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में सिनेमा और उससे संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है, जैसे कि प्रत्येक वर्ष गोवा में भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई) का आयोजन। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 में

मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसके साथ ही, महाराष्ट्र फिल्म स्टेज एंड कल्चरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएफएससीडीसीएल) के सहयोग से महाराष्ट्र फिल्म सिटी में रेज़िडेंशियल राइटर्स लैब का भी आयोजन किया गया। प्रमुख आयोजनों, स्क्रीनिंग/शो की संख्या तथा प्रतिनिधियों/प्रतिभागियों की अनुमानित संख्या का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार हैः

वर्ष	**आयोजन**	**स्क्रीनिंग/शो की संख्या**	**अनुमानित प्रतिनिधि/प्रतिभागी**
2025	भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई)	380	17,999
2025	वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स)	–	1,00,000 +
2024	भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई)	435	15,384
2024	मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह (एमआईएफएफ)	314	12,027
2023	भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई)	318	13,902
2022	भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई)	293	12,431
2022	मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह (एमआईएफएफ)	119	8,898
2021	भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई)	236	8,888

इन आयोजनों में भागीदारी में विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व भी शामिल होता है।

******